गुरुनानक कॉलेज,धनबाद |

प्रेमचंद की जयंती पर हिंदी विभाग द्वारा "प्रेमचंद स्मृति 2022 - साहित्य से, साहित्य के लिए और साहित्य के द्वारा : प्रेमचंद एक खुला आसमां " कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 30/07/ 2022 को गुरुनानक कॉलेज के हिंदी-विभाग द्वारा भूदा परिसर के एस. जे. एस. ग्रेवाल सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सरस्वती वंदना (नृत्य) अदिति प्रताप द्वारा की गई तत्पश्चात स्वागत नृत्य की प्रस्तुति सेमेस्टर छः की छात्रा रेबा पॉल ने की। प्रेमचंद: एक झलक पर सारगर्भित भाषण रक्षिता सिंह ने दिया। तत्पश्चात प्रेमचंद की कहानियों और उपन्यास के प्रमुख पात्रों का भाव-भंगमीय मंचन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया और अंत में कफन कहानी का दृश्यांकन एवं उसके हृदय- भाव का नाटकीय मंचन छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षीय भाषण प्रोफ़ेसर अमरजीत सिंह ने (प्रोफेसर इंचार्ज भूदा परिसर) दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद की रचनाओं में यथार्थवाद पर जोर डालते हुए उन्हें समाज का पथ-प्रदर्शक कहा ।

प्राचार्य प्रो. डॉ संजय प्रसाद ने महाविद्यालय में होने वाले ऐसे कार्यक्रम को खूब सराहा।

कार्यक्रम में डॉ.रंजना दास (प्रो. इंचार्ज महिला शाखा) ,प्रो. डॉ. गोपाल शर्मा, प्रो. डॉ. मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. डॉ. नीता ओझा, प्रो. डॉ. वर्षा सिंह, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो.पीयूष अग्रवाल, प्रो. चिरंजीत अधिकारी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. अनुराधा कुमारी, प्रो. अरनव सरखेल, प्रो. करुणा सिंह, श्री इंद्रदेव सिंह, सुश्री नुसरत परवीन, प्रो. पिंकी कुमारी, प्रो. कुमारी नीतू ,सुश्री सुरभि कश्यप सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ साथ 80 से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

छात्र प्रतिभागियों में सुजीत, ऋषभ, खुशी सिन्हा, रेहानुल जनना, सिद्धि ,अंकिता, विजय, रोहित, विवेक, प्रीतम, राम, जतिन, वर्षा, रोशनी, रजनीकांत इत्यादि अन्य विभागीय अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

तकनीकी सहयोग नरेंद्र सिंह ने दिया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. सिमरन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की समाप्ति हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।